# संकलित परीक्षा – I (2015-16)
# हिन्दी 'ब'
# कक्षा – X

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक : 90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं – **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

## खण्ड-क
## ( अपठित बोध )

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** 12

प्रदूषण का गहरा प्रभाव लोगों के विचार और व्यवहार पर पड़ा है। जल, धरती, वायु और ध्वनि के प्रदूषण ने पृथ्वी और इसके निवासियों के अस्तित्व के सामने ही प्रश्न-चिह्न लगा दिया है। बड़े-बड़े कारखानों और नगरों से ठोस, द्रव और गैस के रूप में लगातार निकलता विविध प्रकार का प्रदूषण धरती, जल और वायुमंडल तक में ज़हर घोलता जा रहा है।

यूरोप के प्रभाव से आई आधुनिक सज़्यता ने पेड़-पौधों और नदियों के प्रति निहित श्रद्धा और मानवीय संवेदना से हमें वंचित कर दिया है। पेड़-पौधे काटकर बड़े-बड़े कारखाने बिठाए जा रहे हैं और उनसे निकले ठोस और द्रव्य रूपों में कचरों को नदियों और आस-पास के क्षेत्रों में बहा और फैला दिया जाता है। चिमनियों से निरंतर निकल रहे धुएँ से हवा में मिली-छाई हानिकारक गैसें खुली आँखों से दिखाई तो नहीं पड़तीं, पर उनका प्रभाव सर्वाधिक घातक होता है। स्वस्थ व्यक्ति भयानक रोग से ग्रस्त हो जाता है और सही कारण का उसे पता तक नहीं चल पाता। गंगा का पानी कभी नहीं सड़ने की विशिष्टता के चलते प्रसिद्ध है, पर विशेषज्ञों की राय है कि गंगाजल आधा से अधिक प्रदूषित हो चुका है। यानी, अब उसमें भी कीड़े दिखाई पड़ने लगे हैं। किनारों पर बसे बड़े नगरों की गंदगी के नाले गंगा और अन्य नदियों में सीधे गिरा दिए जाते हैं जिसके चलते नदियों का तल तो क्रमश: भरता ही जाता है, जल भी पूर्णत: प्रदूषित हो जाता है। इस तथ्य को भुला दिया जाता है कि अन्य जीव-जन्तुओं के अलावा अनेक जंगली और पिछड़े क्षेत्रों के गाँव ऐसे भी हैं जहाँ के लोग इन नदियों के जल पर ही पूर्णत: आश्रित हैं।

(i) प्रदूषण से आप क्या समझते हैं?

(ii) मनुष्य के अस्तित्व का प्रश्न क्यों खड़ा हो गया है?

(iii) आधुनिक सज़्यता पर्यावरण के लिए कैसे घातक सिद्ध हो रही है?

(iv) गंगाजल के दूषित होने के कारणों का उल्लेख कीजिए।

(v) नदियों का तल क्यों भरता जा रहा है?

(vi) प्रदूषण से जीव-जन्तु कैसे प्रभावित हो रहे हैं?

2 **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 8

एक दिन भी जी, मगर तू ताज़ बनकर जी

अटल विश्वास बनकर जी, अमर युग गान बनकर जी
आज तक तू समय के पदचिह्न सा खुद को मिटाकर,
कर रहा निर्माण जग हित एक सुखमय स्वप्न सुंदर।
स्वार्थी दुनिया अगर बदला है तुझे यह दे रही,
भूलता युग गान ही तुझको सदा तुझसे निकल कर,
कल न बन तू, ज़िंदगी का आज बनकर जी।

जन्म से तू उड़ रहा, निस्सीम नीले इस गगन पर,
छाँह मंज़िल की नहीं, पड़ती मगर फिर भी नयन पर,
और जो तू लक्ष्य पर पहुँचे बिना मिट जायेगा तो,
जग हँसेगा खूब तेरे इस अजस निष्फल मरण पर,
ओ मनुज मत विहग बन, आकाश बन कर जी।

(1) इस कविता में कवि क्या उद्‌बोधन दे रहा है? इससे व्यक्ति को क्या प्रेरणा लेनी है?

(2) व्यक्ति अगर त्याग में सफलता न पा सके तो उसे क्या करना चाहिए?

(3) 'मत विहग बन, आकाश बनकर जी' का आशय लिखिए

(4) निम्नलिखित में प्रयुक्त अलंकारों के नाम लिखिए :

(i) 'समय के पदचिह्न-सा'

(ii) 'निस्सीम नीले इस गगन पर'

## खण्ड-ख
## ( व्यावहारिक व्याकरण )

| | | |
|---|---|---|
| 3 | निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए-<br>(क) जो विद्वान होते हैं वे सभी उनका आदर करते हैं।<br>(सरल वाक्य में)<br>(ख) मेरे कहने पर वे अंदर आकर बैठ गए।<br>(संयुक्त वाक्य में)<br>(ग) सच्चा वीर देशभक्ति के लिए मर मिटता है।<br>(मिश्र वाक्य में) | 3 |
| 4 | निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :<br>(क) इस जंगल में एक पागल हाथी हो गया है।<br>(ख) जो काम करो, वही पूरा जरूर करो।<br>(ग) शाम को श्रीमती मीरा एक गीत देंगी।<br>(घ) एक गुलाब की फूलों की माला चाहिए। | 4 |
| 5 | (क) निम्नलिखित समस्त पदों के विग्रह कर समासों के नाम लिखिए-<br>ग्रंथरत्न, गौशाला | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (ख) निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समासों का नाम लिखिए–<br><br>पत्ते झड़ जाते हैं जिस ऋतु में<br>कुसुम–सा कोमल | |
| 6 | | रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।<br><br>(क) वाक्य में प्रयुक्त शब्द ___________ कहलाता है।<br>(ख) शब्द ___________ प्रधान होता है। | 2 |
| 7 | | निम्नलिखित मुहावरों को वाक्यों मे प्रयुक्त कीजिए :<br><br>(क) बाएँ हाथ का खेल होना।<br>(ख) नमक मिर्च मिलाना। | 2 |
| | | **खण्ड–ग**<br>**( पाठ्य–पुस्तक )** | |
| | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2+2+1)** | |
| 8(i) | | छोटा भाई कमरे में आकर भयभीत क्यों हो जाता था? | 2 |
| (ii) | | पुलिस झंडा गाड़ने का विरोध क्यों कर रही थी? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के अनुसार लिखिए। | 2 |
| (iii) | | बड़े भाई ने पहले–पहल लेखक को किस लिए डाँटा था? | 1 |
| 9 | | ततांँरा और बामीरो की मृत्यु कैसे हुई ? पठित पाठ के आधार पर लिखिए। | 5 |
| 10 | | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(2+2+1)**<br><br>दरअसल इस फिल्म की संवेदना किसी दो से चार बनाने का गणित जानने वाले की समझ से परे थी। उसमें रची बसी करुणा तराजू पर तौली जा सकने वाली चीज़ नहीं थी। इसलिए बमुश्किल जब तीसरी कसम रिलीज हुई तो इसका कोई प्रचार नहीं हुआ। फिल्म कब आई कब चली गई, मालूम ही नहीं पड़ा।<br><br>ऐसा नहीं है कि शैलेन्द्र बीस सालों तक फिल्म इंडस्ट्री में रहते हुए भी वहाँ के तौर तरीकों से नावाकिफ थे, परंतु उनमें उलझकर वे अपनी आदमियत नहीं खो सके थे।<br><br>(क) इस गद्यांश में किस फिल्म की बात की गई है? वह किस कलाकार की हठ के करण बनी थी?<br><br>(ख) इस फिल्म का कोई प्रचार क्यों नहीं हुआ तथा उसमें किस भाव की प्रधानता थी?<br><br>(ग) फिल्म इंडस्ट्री के किन तौर–तरीकों की बात गद्यांश में की गई है? | 5 |
| | | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2+2+1)** | |
| 11(i) | | इस कविता में आपको तोप के विषय में क्या जानकारी मिलती है? | 2 |
| (ii) | | मीरा कृष्ण की चाकरी करने को इतनी आतुर क्यों हैं? | 2 |
| (iii) | | कंपनी बाग में तोप क्यों रखी गयी है? | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है? क्या व्यक्ति द्वारा यह संभव हो पाता है? | 5 |
| 13 | ठाकुरबारी सदृश संस्थाओं का ग्रामीण समाज के प्रति कर्तव्यों तथा भूमिका के महत्त्व पर प्रकाश डालिए। | 5 |
| | **खण्ड-घ**<br>**( लेखन )** | |
| | **दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** | |
| 14(i) | मातृभूमि<br>● हमारी मातृभूमि<br>● हमारा लगाव<br>● हमारे कर्त्तव्य | 5 |
| (ii) | **आज की बचत कल का सुख**<br>● बचत का अर्थ व स्वरूप<br>● दुखदायक स्थितियों में बचत का महत्व<br>● वर्तमान तथा भविष्य को सुरक्षित करना | 5 |
| (iii) | **शारीरिक शिक्षा और योग**<br>● शारीरिक शिक्षा क्या और क्यों?<br>● योग का स्वरूप<br>● शारीरिक शिक्षा और योग<br>● प्रभाव और अच्छे परिणाम | 5 |
| 15 | आपके मुहल्ले में प्रकाश-व्यवस्था कम है। क्षेत्र के विद्युत अधिकारी महोदय को इस विषय में एक प्रार्थना पत्र लिखिए। | 5 |
| 16 | विद्यालय के सूचना-पट के लिए सूचना तैयार कीजिए कि शरद्कालीन अवकाश के बाद 20 अक्तूबर को विद्यालय में हिन्दी निबन्ध लेखन प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता की तैयारी के लिए हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम से संपर्क करें।(20 - 30 शब्दों में) | 5 |
| 17 | विद्यार्थी ग्रीष्मावकाश में कुछ ऐसा उपयोगी कार्य करना चाहते हैं, जिससे आर्थिक लाभ भी हो। दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लगभग **50** शब्दों में लिखिए। | 5 |
| 18 | विद्यालय के 'हस्त शिल्प मेले' में ग्रामीण शिल्पकारों को आमंत्रित करने के लिए विज्ञापन लगभग 20 - 25 शब्दों में बनाइए। | 5 |
| | | |
| | -o0o0o0- | |